42 वारंटी गिरफ्तार किए

श्रावस्ती। लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पुलिस ने 12 घंटे में 42 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

आपरेशन धरपकड़ अभियान के तहत शनिवार रात अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में वारंटियों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। जिसमें सीओ इकौना, भिनगा व जमुनहा को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सीओ ने सभी थानाध्यक्षों को धरपकड़ में लगाया। जिसमें 12 घंटे के अंदर 42 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों में छेड़ छाड़, मार-पीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी, चोरी, वन अधिनियम जैसे मामलों के वारंटी शामिल हैं। इसमें कोतवाली भिनगा में नौ, इकौना में छह, मल्हीपुर में आठ, गिरंट में तीन, सिरसिया में छह, गिलौला में दो, सोनवा में दो और श्रावस्ती थाने में छह वारंटी पकड़े गए हैं।